आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

चुनाव

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है। दोनों प्रमुख दल भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया हैं। विभिन्न चुनावी रैलियों, नुक्कड़ सभाओं व जनसम्पर्क अभियान के जरिये नेता अपनी अपनी पार्टी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं और आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने चुनाव प्रचार के तहत आज हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की बलोह, चमनेर, धलोट और ताल पंचायतों में चुनावी नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के साथ सबसे ज्यादा अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस सरकारों ने एस.सी.एस.टी और ओबीसी का हक छीनकर मुस्लिम समुदाय को दिया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर की भी अनदेखी की है, जबकि भाजपा ने उन्हें मान सम्मान दिया और संविधान दिवस भी मनाया गया।

जगत सिंह नेगी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने चुनाव आयोग पर कांग्रेस के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित 27 मामले आयोग के पास अनुमति के लिए लंबित हैं और आयोग जानबूझकर इन मामलों को लटकाने का काम कर रहा है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के चलते नियमित तौर पर होने वाले आवश्यक कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में मौसम के अनुरूप ही सड़कों या अन्य जनहित से जुड़े कार्य होते हैं, ऐसे में अगर समय रहते ये कार्य पूरे नहीं हुए तो इससे लोगों को नुकसान होगा। जगत सिंह नेगी ने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले ही प्रदेश सरकार ने आवश्यक व नियमित कार्यों को पूरा करने की अनुमति आयोग से मांगी थी लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई अनुमति नहीं मिली है।

प्रचार–कांग्रेस

शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने कहा है कि क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी और लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। चौपाल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आज उन्होंने चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठके की। सुल्तानपुरी ने कहा कि भाजपा हमेशा ही क्षेत्रवाद और जातिवाद की राजनीति कर लोगों को बांटने की कोशिश करती रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनहित से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने लोगों से विनोद सुल्तानपुरी को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया।

बिंदल–अवस्थी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दावा किया है कि भाजपा 4 सौ का आंकड़ा पार करेगी और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। सिरमौर जिले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के नग्गर मे आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मलेन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था 11वें से 5वें पायदान पर पहुंची है और प्रदेश के विकास में भी कोई कमी नहीं रखी गई है। सम्मेलन के दौरान उन्होंने केंद्र की अन्य उपलब्धियों को गिनाते हुए कांग्रेस को कई मुद्दों पर घेरा।

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा कि अब प्रदेश के लोग भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जान चुकें है और उसे अब प्रदेश में सत्ता के सपने देखना छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद सुरेश कश्यप ने अपने कार्यकाल में न तो कोई विकास कार्य करवाया न ही कभी जनता के बीच गए। अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र की कथित जनविरोधी नीतियों और प्रदेश सरकार की डेढ़ वर्ष की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगी और जीत हासिल करेगी।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश के अधिक उंचाई वाले इलाकों में रूक–रूक कर हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जनजातीय ज़िला लाहौल स्पीति के कुंजुम दर्रा, बारालाचा और रोहतांग दर्रा सहित रिहायशी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के कारण मनाली लेह सड़क मार्ग पर दारचा से आगे वाहनों की आवाजाही बंद है। वहीं ग्राम्फू –काजा– समदो सड़क से बर्फ हटाने का कार्य भी प्रभावित हुआ है। बेमौसमी बारिश व बर्फबारी से घाटी के किसान व

बागवान चिंतित हैं और मटर, व गोभी की बुआई में विलम्ब हो रहा है। अत्याधिक बर्फबारी व बारिश से घाटी में भूस्खलन का खतरा भी बढ़ गया है।

इस बीच मौसम विभाग ने आज लाहौल स्पीति, चंबा, कांगड़ा, मंडी और कुल्लू ज़िलों में कुछ स्थानों पर हिमपात, गरज के साथ वर्षा और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।

——————————